__/__/____

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh
Date -                Class - IV
Subject - Hindi Language        Page - 1
Subject Teachers - Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma.

'वचन'

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ 'वचन' कक्षा चौथी की हिन्दी व्याकरण का है। बच्चो यह पाठ आपको 4 अप्रैल, 2022 को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो ! आज हम इस पाठ में 'वचन' पढ़ेंगे। इसलिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के बीच में कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो अब मैं आपको 'वचन' शब्दों के बारे में समझाने जा रही हूँ। सभी बच्चे इसे ध्यानपूर्वक पढ़ेंगे एवं समझेंगे।

प्यारे बच्चो ! नीचे दिए गए वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं समझें।

1. लड़का जाता है।
2. लड़के जाते हैं।
3. नदी बहती है।
4. नदियाँ बहती हैं।
5. मैं घूमने गया।
6. हम घूमने गए।

बच्चो ! इन वाक्यों में 'लड़का', 'नदी' और 'मैं' शब्दों से एक संख्या का तथा 'लड़के', 'नदियाँ' और 'हम' शब्दों से एक से अधिक संख्याओं का बोध हो रहा है।

इस प्रकार :-

संज्ञा के जिस रूप से उसकी संख्या का बोध हो उसे वचन कहते हैं।

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date-  Class - IV
Subject- Hindi Language  Page - 2
Subject Teachers- Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma.

वचन के दो भेद होते हैं।

- एक वचन
- बहु वचन

एक वचन – बच्चो ! संज्ञा के जिस रूप से एक ही वस्तु का बोध होता है, उसे 'एक वचन' कहते हैं।
जैसे :- कपड़ा, लड़की, टोपी, गेंद, घड़ी आदि।
बहुवचन – संज्ञा के जिस रूप से एक से अधिक वस्तुओं का बोध होता है, उसे 'बहुवचन' कहते हैं।
जैसे :- कपड़े, लड़कियाँ, टोपियाँ, गेंदें, घड़ियाँ आदि।
इस प्रकार बच्चो हमने यहाँ तक समझा कि शब्दों के जिस रूप से उनके एक या अनेक संख्या में होने का बोध होता है, उन्हें 'वचन' कहते हैं।
बच्चो ! मैंने आपको 'वचन' शब्दों के बारे में समझा दिया है। अब मैं आपसे इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न 1. वचन की परिभाषा लिखें।
प्रश्न 2. दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप लिखें।
(क) टोपी ..........
(ख) पुस्तक ..........
(ग) गेंद ..........
प्रश्न 3. 'राम की पेंसिल नई है।' इस वाक्य में वचन बदलकर लिखें।

बच्चो ! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको उन प्रश्नों के उत्तर बता रही हूँ जो मैंने आपसे पूछे थे।

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date-                    Class - IV
Subject- Hindi Language          Page - 3
Subject Teachers- Ms Roma Rani.
Ms. Suman Sharma.

उत्तर - 1. शब्दों के जिस रूप से उनके एक या अनेक संख्या में होने का बोध होता है, उन्हें 'वचन' कहते हैं।

उत्तर - 2. (क) टोपियाँ
(ख) पुस्तकें
(ग) गेंदें

उत्तर - 3. राम की पेंसिलें नई हैं।

प्यारे बच्चो! अब मैं आपको 'वचन' शब्द करवाऊँगी जिन्हें आप ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।

| | एक वचन | बहु वचन |
|---|---|---|
| 1. | औरत | औरतें |
| 2. | अंडा | अंडे |
| 3. | घोंसला | घोंसले |
| 4. | गेंद | गेंदें |
| 5. | बात | बातें |
| 6. | आँख | आँखें |
| 7. | सड़क | सड़कें |
| 8. | शाखा | शाखाएँ |

Scanned with CamScanner